BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 19 मार्च, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

प्रायोजित लूट की घटना का मात्र 03 घंटे में सफल अनावरण, स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड के उपरान्त 02 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से लूटे गये 5,03,200/- रुपये(शतप्रतिशत), अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 19.03.2024 को सौरभ चौधरी पुत्र समयवीर चौधरी निवासी शान्ति निकेतन दुर्गा मन्दिर के पास डीएम रोड ने थाना कोतवाली नगर को सूचना दी कि उनके यहा काम करने वाला विपिन कुमार लगभग 05 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा करने गया था। रास्ते में मोटरसाइकिल सवार 02 बदमाशों द्वारा रुपये लूट लिये गये है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा बदमाशो को पकडने हेतु कम्बिंग की गयी। कम्बिंग के दौरान स्वाट टीम व कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत कुच्छेजा बम्बे के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी। बदमाशो द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश गोली लगने से घायल हो गये, जिनको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1- अंकित शर्मा पुत्र कृपाल भारद्वाज निवासी मुरसाना थाना कोतवाली देहात 2- सुमित पुत्र जोगेन्द्र निवासी मौसमगढ़ थाना कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई हैं। जिनको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाशो के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व स्प्लेन्डर बाइक बरामद हुई है। अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि विपिन कुमार द्वारा ही लूट की घटना करायी गयी थी जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। लूट की घटना के सम्बन्ध थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 207/24 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम पता-

1- अंकित शर्मा पुत्र कृपाल भारद्वाज निवासी मुरसाना थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर ।

2- सुमित पुत्र जोगेन्द्र निवासी मौसमगढ़ थाना कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर

बरामदगी-

1- 5,03200/- रुपये (लूटे गये), बुक वाउचर, 01 बैग

2- 01 स्प्लेन्डर बाइक (बिना नम्बर प्लेट)

3- 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस।

गिरफ्तार अभियुक्त सुमित का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 53/22 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं- 44/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

3- मुअंस 207/24 धारा 392 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।
2. उ0नि0 मुनेश पाल सिंह, उ0नि0 रघुवीर सिंह,
3. है0का0 कपिल चौधरी, है0का0 मोहित, है0का0 कुलदीप राठी, है0का0 अंकित, है0का0 प्रमीत, का0 सुधीर कुमार

स्वाट टीम-

1- मौ0 असलम प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम

2- -उoनिo शिवम तोमर

3-है0का0 मनोज दीक्षित, है0का0 अशोक यादव, है0का0 कपिल नैन, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ है0का0 अशोक चौधरी, का0 सचिन चौहान, का0 नरेंद्र कुमार, का0 रोहित कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर